# Natural Farming Certification Reports and issues faced by Regional Council (HE-MAA Trust)

HE-MAA


www.hemaa.org
8789790564

**Presented By:-**

**Manoj kumar,**
Quality & Certifiaction Manager and
**Ravindra kumar**
Certification &Field Executive
**HE-MAA Trust ,BIhar**

# Regional Council

## Hydro Environmental Management And Agricultural (HE-MAA) Trust

## Bihar

**Registration No. :-** PGSI/2025/1210

**Working Location :-** BIHAR

**Web:- :-** www.hemaa.org

**Email :-** hemaa.trust@gmail.com

# राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर प्राप्त कार्यादेश

**कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।**

तृतीय तल, कमरा सं0–411, कृषि भवन, मीठापुर कृषि प्रक्षेत्र, पटना–800001
दूरभाष :–9031643037, वेबसाइट–krishi.bih.nic.in ई–मेल– compost.bihar@gmail.com

पत्र संख्या–BRJM (NMNF)–53 / 2025– 569 कृ0, पटना, दिनांक–18/9/2025

प्रेषक,

सनत कुमार जयपुरियार
संयुक्त निदेशक (रसायन)
कम्पोस्ट एवं बायोगैस, बिहार, पटना।

सेंवा में,

**Bihar State Seed and Organic Certification Agency,**
**Chaitanaya Vihar Munch,**
**Hydro Environmental Management and Agricultural (HEMAA) Trust,**
**M/S Aavriti International,**
**M/S Tirhut Organic Pvt. Ltd.**

विषय:– **नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत प्रमाणीकरण करने के संबंध में।**

**प्रसंग :–** भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का पत्रांक–21-3/2024 NMNF दिनांक–15.09.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र, गाजियाबाद द्वारा आपकी संस्था को बिहार राज्य में प्राकृतिक खेती प्रमाणन हेतु प्राधिकृत किया गया है। योजनान्तर्गत राज्य के सभी 38 जिलों में प्रमाणीकरण का कार्य किया जाना है।

किसानों के पंजीकरण एवं प्रमाणन प्रक्रिया PGS India पोर्टल के माध्यम से की जाएगी, जिसका लिंक निम्नलिखित है। https://pgsindia-ncof.gov.in/NF/

आपको निर्देशित किया जाता है कि संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर PGS India पोर्टल के अंतर्गत किसानों का पंजीकरण कार्य तत्काल प्रारंभ करें। इस हेतु जिला कृषि पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक (रसायन)–सह–नोडल पदाधिकारी की सूची संलग्न की जा रही है।

उपरोक्त संसाधनों का उपयोग करते हुए क्लस्टर के किसानों से समन्वय स्थापित कर पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न किया जायेगा। साथ ही, किसानों को प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों, तकनीकों एवं लाभों से अवगत कराने हेतु प्रशिक्षण भी सुनिश्चित किया जाए।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि PGS India पोर्टल पर किसानों के पंजीकरण और प्रमाणीकरण की मासिक प्रगति की नियमित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

18.09.25

**(सनत कुमार जयपुरियार)**
संयुक्त निदेशक (रसायन)
कम्पोस्ट एवं बायोगैस, बिहार, पटना।

---

बिहार सरकार

**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, किशनगंज।**

संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, खगड़ा, हवाई अड्डा रोड किशनगंज–855107

Email ID-
dao-kis-bih@nic.in
daokishanganj@gmail.com

Mob No- 9431818756
Phone- 06456 295270

पत्रांक 2663 / जि0कृ0 किशनगंज, दिनांक 21.11.2025 /

प्रेषक,

जिला कृषि पदाधिकारी,
किशनगंज।

सेवा में,

सचिव,
Hydro Environmental Management and Agriculture (HE-MAA) Trust

**विषय:–** **नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत प्रमाणीकरण करने के संबंध में।**

**प्रसंग:–** **कृषि निदेशालय, बिहार, पटना के पत्र संख्या 569, दिनांक 18.09.2025।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सादर सूचित करना है नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत किसानों का पंजीकरण एवं प्रमाणन प्रक्रिया PGS India Portal के माध्यम से किया जाना है। कृषि निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक 569 दिनांक 18.09.2025 द्वारा जिला किशनगंज, बिहार अंतर्गत किसानों के पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण कार्य हेतु आपके फर्म को चयन किया गया है। किशनगंज जिलान्तर्गत गठित कलस्टर के किसानों से समन्वय स्थापित कर पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया संपन्न किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि PGS India Portal पर अभिलंब किसानों का पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण कार्य करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

21.11.25

जिला कृषि पदाधिकारी,
किशनगंज।

ज्ञापांक 2663 / जि0कृ0 किशनगंज दिनांक 21.11.25

प्रतिलिपि :– संयुक्त निदेशक (रसायन), कम्पोस्ट एवं बायोगैस, बिहार, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

21.11.25

जिला कृषि पदाधिकारी,
किशनगंज।

---

**राज्य - बिहार**

**NMNF अंतर्गत जिला- 6, Non Scheme अंतर्गत जिला - 2**

# Certification Report

| S.N. | SCHEME | No. of Group | No. of Farmer | Area in Ha. | Certificate Issued groups |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NMNF | 49 | 6125 | 2450 | 49 |
| 2 | Non Scheme | 20 | 1132 | 1057 | 1 |
| 3 | Individual Farmer | | 2 | 1.4 | |
| | **Total** | **69** | **7259** | **3508** | **50** |

**HEMAA TRUST ने पहलीवार प्रमाणीकरण का कार्य प्रारम्भ किया था तथापि बिहार के 8 जिलों में कुल 147 बैठक किये , परिणाम स्वरुप लगभग 7.5 हजार किसानों के साथ मिलकर प्राकृतिक खेती के प्रमाणीकरण से सम्बंधित कार्य कर रहे हैं।**

# RC द्वारा प्रमाणीकरण के दौरान प्राप्त ISSUES

1. किसानों में जागरूकता की कमी :- प्राकृतिक खेती से सम्बंधित भ्रान्तियाँ अधिक हैं जिस कारण प्राकृतिक खेती पर किसान विश्वाश नहीं कर पा रहे हैं, जिस कारण **RC** को डाटा प्राप्त करने में कठिनाई हुई।
2. किसानों का चयन :- **40%** वैसे किसानों का चयन हो गया है जो सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए शामिल हुए हैं ।
3. डॉक्यूमेंटेशन :- डॉक्यूमेंटेशन सही से मेन्टेन नहीं होता है।
4. छोटे किसानों के फार्म :- छोटे किसानों के फार्म छोटे और अलग अलग हैं जिसके कारण पोर्टल में एंट्री में कठिनाई होती हैं।
5. फार्म को केमिकल -फ्री होने का प्रूफ जुटाना :- यह कार्य मुश्किल होता हैं, दूसरे किसान आसानी से यह नहीं बताते की पड़ोसी ने केमिकल का उपयोग नहीं किया हैं ।
6. कृषि सखी एवं मास्टर ट्रेनर को रेफ्रेशर ट्रेनिंग की कमी ।

# RC द्वारा प्रमाणीकरण के दौरान प्राप्त ISSUES

1. **BRC का मॉनिटरिंग :-** विभाग के स्तर से **BRC** का लगातार मॉनिटरिंग ही स्पष्ट करेगा की किसानो के द्वारा उपादान का उपयोग हुआ है ।
2. ट्रसबिलिटी सिस्टम कमजोर ।
3. गलत जानकारी मिलने का रिस्क **:-** किसान **RC** प्रमाणीकरण करने वाली संस्था ही मानते है इसलिए किसान पूरी जानकारी या कठिनाई बताने से हिचकिचाते है या नहीं बताते ।
4. **Soil testing और Lab facilities की कमी:-** **RC** को किसानो के खेत का मिटटी जांच का प्रतिवेदन प्रमाणीकरण करने से पूर्व उपलब्ध कराये जाय ताकि उन किसानो को **RC** के द्वारा सम्बंधित सलाह भी दी जा सके। जिस से प्रमाणीकरण और **Perfect** होगा।
5. **Group certification में कोआर्डिनेशन का ISSUE :-** ग्रुप का निर्माण क्लस्टर में नहीं है इसलिए वेरिफिकेशन में कठिनाई होती है।
6. मार्केट लिंकेज की कमी **:-** किसानो को उनके प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पाद उचित दामों में बेचने कि उचित व्यवस्था नहीं है।

# HEMAA TRUST द्वारा किसानो को दिए जा रहे सहयोग

- **तकनिकी सहायता:** किसानो को गुणवत्ता युक्त उत्पाद तैयार करने हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन (व्हाट्सप्प ग्रुप ) तकनिकी सहायता दी जा रही है।
- **उद्यमिता विकास :** कृषि सखी एवं किसानो में उद्यमिता विकास के लिए भी संस्था कि और से प्रयास किया जा रहा है।
- **ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म:** Realiance, Blinkit और BigBasket जैसे प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पाद बेचने के लिए संस्था के प्रतिनिधियों एवं किसानो के साथ समन्वय स्थापित कराया जा रहा है।
- **ब्रांडिंग:** प्राकृतिक उत्पादों को ब्रांड बनाने के लिए किसानो को प्रोत्साहित कर सॉर्टिंग ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग कि जानकारी दी जा रही है।

# Glimpse of Activities







## ऑनलाइन प्रशिक्षण

# Glimpse of Activities






# प्रशिक्षण

HE-MAA

# Glimpse of Activities






## उपादान निर्माण  हेतु प्रशिक्षण

# Glimpse of Activities





## प्रमाणीकरण पूर्व पूछताछ एवं निरिक्षण

# Glimpse of Activities







**विपणन के लिए किसानो का व्यापारियों के साथ समन्वय**

# RC के तरफ से प्रमाणीकरण को गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु कुछ सुझाव

- RC को किसानों और कृषि विज्ञानं केंद्र , कृषि विश्वविद्यालय ,के साथ समन्वय स्थापित कर प्राकृतिक खेती के लिए फसलवार पैकेज ऑफ़ प्रैक्टिस तैयार करने का प्रावधान हो ताकि प्राकृतिक खेती का और प्रसार किया जा सके।
- प्राकृतिक खेती के लिए मोडल फार्म डेवेलप करने के लिए RC को अधिकृत किया जाय और प्रोत्साहन राशि दी जाय।
- मिटटी में और फसल में Residue Analysis का प्रावधान हो।
- मॉनिटरिंग सिस्टम को अधिक सक्रिय किया जाय।
- औचक निरिक्षण और लगातार निरिक्षण का प्रावधान हो।
- जो किसान NMNF योजना से नहीं जुड़े है उनके लिए भी कुछ प्रावधान हो ।

# भविष्य कि रणनीति

• मॉनिटरिंग पर फोकस किया जायेगा ताकि किसी स्तर पर रिस्क कि सम्भावना कम हो जाय।
• किसानो , कृषि सखियों का क्षमतावर्धन करने का प्रयास , ऑनलाइन ऑफलाइन ट्रेनिंग के माध्यम से किया जायेगा ।
• गुणवत्तायुक्त उपादान कि उपलब्धता -BRC या लोकल युथ को बिज़नेस प्लान समझाकर इस सेक्टर में लाने का प्रयास करेंगे।
• फार्म से मार्केट तक के लिए उत्पाद का ट्रैकिंग पर जोर।
• इस सेक्टर के संस्थाओं के साथ मिलकर किसानो को प्रोत्साहित कराने का प्रयास होगा।
• डेमो फार्म डेवलप करना ।

## A Series of

TRUSTED
HEMAA
CERTIFIED NATURAL

## Products




## Coming soon…..

# धन्यवाद

**Come together to Eat Really Natural ..**